बदमाशों ने दलित समाज के दो युवकों पर हमला किया, एक की मौत

आसपास के दुकानदारों व अन्य लोगों ने एक हमलावर को पकड़ कर पुलिस को सुपुर्द किया, छह लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया

खैरथल, (निसं)। खैरथल-किशनगढ़ बास रोड पर दलित युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर फरार हुए आरोपियों की गिरफ्तारी व पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाए जाने की मांग को लेकर विधायक दीपचंद खेरिया, पूर्व विधायक रामहेत यादव, सभापति हरीश रोघा, कांग्रेस नेता गिरीश डाटा सहित अनेक नेता पीड़ित परिवार के गांव पहुंचे। जहां आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रकट किया।

खैरथल किशनगढ़ रोड पर स्थित बस्ती खिरगची में जिम जाने के लिए बस स्टॉप पर खड़े दलित समाज के दो युवकों पर दो बाइकों पर सवार होकर आए आठ नौ युवकों ने हमला कर दिया, जिसमें युवक योगेन्द्र की अलवर असपताल में मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक अमित कुमार गंभीर रूप से घायल है। आसपास के दुकानदारों व अन्य लोगों ने बीच-बचाव करते हुए एक हमलावर को पकड़ कर पुलिस को सुपुर्द किया है। बदमाश युवक भागते हुए एक बिना नंबरी बाइक मौके पर छोड़ गये।

खैरथल थाना पुलिस ने बताया कि हमलावरों के खिलाफ मृतक के पिता अशोक कुमार जाटव की ओर से दर्ज नामजद मुकदमा में आरोपियों की तलाश की जा रही है। मृतक युवक खैरथल के वार्ड नं 25 खिरगची बस्ती निवासी अशोक कुमार का पुत्र है। अशोक कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया है कि, 19 अक्टूबर की शाम को उसका बेटा योगेन्द्र (20) जिम में जाने के लिए अपने दोस्त अमित (21) के साथ बस स्टॉप पर खड़े हुए थे कि अचानक दो बाइकों पर सवार होकर आए आठ नौ युवकों ने आते ही अमित पर चाकुओं से हमला कर दिया इस पर जब उसका बेटा योगेन्द्र बीच-बचाव करने लगा तो उस पर भी जाति सूचक अपशब्द कहते हुए हमला कर दिया। इसी समय चीख पुकार सुनकर दुकानदारों व अन्य लोगों ने बीच-बचाव करते हुए एक हमलावर मुंफेद को पकड़ लिया। हमलावर मौके पर एक बिना नंबरी बाइक भी छोड़ भागे। दोनों को गंभीर घायलावस्था में एक निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां से दोनों को अलवर के लिए रैफर कर दिया गया। अलवर अस्पताल में उपचाराधीन घायल युवक योगेन्द्र जाटव ने दम तोड़ दिया जबकि उसके मित्र अमित पुत्र स्व. ग्यारसा राम जाटव का उपचार जारी है।

विधायक दीपचंद खेरिया पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित ग्रामीणों ने समाज के लोगों से वार्ता की।

विधायक दीपचंद खैरिया, पूर्व विधायक रामहेत यादव, सभापति हरीश रोघा, विहिप नेता योगेश गुप्ता, दलित युवा नेता कमल सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और सैंकड़ों समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां परिजन और आम लोग जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक को मौके पर बुलाने की मांग लेकर अड़े रहे। विधायक दीपचंद खेरिया पूर्व विधायक रामहेत यादव ने एसपी कलेक्टर से फोन पर वार्ता की और स्थिति से अवगत कराते हुए मौके पर आने के लिए कहा। उधर दोनों अधिकारी चुनाव आयोग के वीसी संवाद पर नीमराना में होने के कारण शाम को पहुंचे और विधायक दीपचंद खैरिया, पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव, सभापति हरीश रोघा पीसीसी सदस्य गिरीश डाटा सहित समाज के नेताओं में

- बदमाश युवक भागते हुए एक बिना नंबरी बाइक मौके पर छोड़ गये, एक युवक गंभीर रुप से घायल हुआ
- विधायक दीपचंद खेरिया व पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवार की मदद के लिए पहुंचे

परिजनों एवं प्रमुख लोगों के साथ बातचीत की। जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका व जिला पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह ने कहा आचार संहिता के चलते सरकार उनकी मांगों में सरकारी नौकरी देने, मुआवजा आदि नहीं दे सकती है। ऐसे में मांगों को राज्यपाल को भेजेंगे। एससी एसटी के लिए ऐसे मामलों में तय पैकेज की राशि जल्दी ही मिलेगी और आश्रितों के लिए निजी क्षेत्र में नौकरी दिलाने के प्रयास किए जाएंगे।

जिला पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि आरोपियों में से छह को पुलिस हिरासत में लेने में सफल रही है शेष आरोपी भी जल्दी पकड़ लिये जाएंगे। उन्होंने परिवार को सुरक्षा प्रदान करने व धमकी देने वालों की जानकारी देने पर तत्काल कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

लापता युवक का देवली के पास नदी में मिला शव

युवक के अपहरण व हत्या के विरोध में डिग्गी कस्बा बंद रहा। इस दौरान पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

मालपुरा, (निसं)। डिग्गी कस्बे से मंगलवार को मध्य रात्रि के बाद रहस्यमय ढंग से लापता हुए युवक का रस्सी से बंधा शव शाहपुरा जिले के हनुमान नगर थाना क्षेत्र के धुआकलां के पास बनास नदी की पुलिया के पास पानी में तैरते मिला। इस सूचना से आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने युवक की हत्या कर शव नदी में फैंके जाने के विरोध में शुक्रवार को की गई अपील के बाद डिग्गी कस्बा बंद रहा।

मृतक के परिजनों ने बताया कि डिग्गी कस्बा निवासी युवक गणेश माली पुत्र लालाराम माली मंगलवार को अपने परिचितों के यहां आयोजित जन्मदिन की पार्टी में शामिल होकर रात 11 बजे घर लौटा था। सुबह जाग होने पर युवक गणेश कमरे से नदारद मिला। परिजनों द्वारा आस-पास व नाते-रिश्तेदारों के यहां तलाश की। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला तथा फोन भी बंद मिला। गुरूवार को हनुमान नगर थाना पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर बनास नदी में मिले एक युवक के शव व हुलिये की फोटो एवं सूचना वायरल करने के बाद डिग्गी

- परिजनों ने शव लेने से इंकार किया, 50 लाख रुपये की सहायता व नौकरी की रखी मांग

से देवली हनुमान नगर थाने पहुंचे परिजनों ने थानाधिकारी हीरालाल वर्मा की मौजूदगी में कपड़ों के आधार पर शव की पहचान गणेश माली के रूप में की। युवक का हाथ व पांव कपड़े की रस्सी से बंधा होने तथा चोटों के निशान देख परिजनों ने युवक की हत्या कर शव नदी में फैंके जाने का अंदेशा जता युवक के अपहरण व हत्या का मामला दर्ज करवाया।

थानाधिकारी हीरालाल ने परिजनों को बताया कि शव पुलिया के पास नदी में तैरता मिला है। जिसे देवली अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। परिजनों द्वारा युवक की हत्या व अपहरण का आरोप लगा रिपोर्ट देने के साथ ही 50 लाख की आर्थिक सहायत एवं सरकारी नौकरी सहित युवक की मौत के कारणों का खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव लेने से इंकार किया।

युवक की हत्या की मिली जानकारी से आक्रोशित ग्रामीणों व परिजनों की अपील पर डिग्गी के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिये। जिसकी सूचना मिलने पर डीएसपी चक्रवर्ती सिंह राठौड़ मालपुरा थाना एसएचओ भागीरथ सिंह व डिग्गी पुलिस मय जाप्ते के डिग्गी पहुंच बाजार बंद करवा रहे ग्रामीणों मौके से खदेड कानून व्यवस्था में बाधक नहीं बनने की समझाइश पर ग्रामीणों व पुलिस अधिकारियों में हुई कहासुनी के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों व परिजनों टोंक जिला मुख्यालय पहुंच जिला कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। साथ ही बताया कि 10 महिने पूर्व इसी प्रकार एक युवक की हुई हत्या व दो माह पूर्व संत सियाराम दास बाबा की हुई निर्मम हत्या व आज गणेश माली की हुई हत्या से ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर दहशत व्याप्त है। पुलिस प्रशासन जांच के नाम पर लीपापोती कर रहा है।

18 साल की युवती की लाश कुएं में तैरती मिली



पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों से समझाइश की।

भीलवाड़ा, (निसं)। शाहपुरा जिले के रायला थाना क्षेत्र के ग्राम बालेसरिया दूदला के पास कुएं में एक 18 साल की युवती की लाश तैरती मिली। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना के बाद रायला थाना पुलिस भी पहुंची। कुएं से बॉडी को बाहर निकाला गया और मॉर्च्युरी में सुरक्षित रखवाया।

रायला थाने अधिकारी महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि बालेसरिया निवासी संपत गुर्जर की 18 वर्षीय पूजा गुर्जर अपने भाई के साथ बुधवार को घर से मोटरसाइकिल पर खेत में गायों को ढूंढने गई थी। कुछ दूरी के पहले ही भाई को मोटरसाइकिल के पास खड़ा कर पूजा आसपास गायों की तलाश करने निकली थी समय रहते पूजा वापस अपने भाई के पास नहीं लौटी तो भाई ने आसपास आवाज भी लगाई और तलाश शुरू की पर पूजा का पता कहीं नहीं चला। इस पर भाई ने अपने घर पर सारी जानकारी से अवगत कराया परिवार के लोग रायला थाने पहुंचे जहां पुलिस ने लिखित रिपोर्ट के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया। वहीं शुक्रवार को दूदला गाव के पास ही गांव के कुछ लोगों ने कुएं में एक युवती का शव तैरता देख गांव में और पुलिस को जानकारी दी। मौके पर रायला पुलिस व ग्रामीणों की सहायता से बॉडी को बाहर निकाला व मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया। वहीं परिवारजनों का कहना है कि पूजा की हत्या कर लाश को कुएं में फेंका गया है रायला पुलिस भी जांच करने में जुट गई है। परिजनो ने हत्या का आरोप लगाते हुए एमजी मोर्चरी के बाहर हंगामा खड़ा कर दिया। देर रात तक तक पुलिस और प्रशासन की समझाइश का दौर जारी था।

पार्सल बांटकर लौट रहे दो कर्मचारियों से नगदी लूटी

हनुमानगढ़, (निसं)। टिब्बी थाना क्षेत्र के सालीवाला गांव के पास चार नकाबपोश बदमाशों ने पार्सल बांटकर लौट रहे निजी कम्पनी के दो कर्मचारियों के साथ रास्ते में मारपीट कर रुपए लूट लिए। साथ ही बचे हुए पार्सल भी छीन लिए। मारपीट में दोनों कर्मचारी घायल हो गए। घटना का सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों कर्मचारियों को अस्पताल भिजवाया। इस मामले में कम्पनी मैनेजर की रिपोर्ट पर टिब्बी पुलिस थाना में 4 नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

एएसआई सुखपाल सिंह सउनि. ने बताया कि अशोक कुमार (34) पुत्र बृजलाल जाट निवासी भाखरांवाली तहसील संगरिया ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि वह संगरिया में डिलीवरी प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। कम्पनी में

- चार नकाबपोश बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया

सोहनलाल पुत्र रामकुमार कुम्हार निवासी नगराना और रवि पुत्र मिट्ठूराम निवासी नाईवाला काम करते हैं जो संगरिया से टिब्बी रूट पर पार्सल बांटने का कार्य करते हैं। बुधवार रात को करीब सवा आठ बजे जब सोहनलाल और रवि पार्सल बांटकर बाइक पर संगरिया वापस जा रहे थे, तब सालीवाला गांव के पास नहर के पुल पर 4 नकाबपोश लोगों ने दोनों पर हमला कर दिया। इससे सोहनलाल और रवि बाइक से गिर गए। बाइक से गिरते ही बदमाशों ने डंडों से वार करने शुरू कर दिए और बाइक तोड़ दी। इसके बाद दोनों से मारपीट कर कुल 66 हजार 353 रुपए लूट लिए। बदमाश बचे हुए पार्सल भी लूटकर ले गए। मारपीट में सोहनलाल और रवि को चोट आई। दोनों ने इसकी सूचना बशीर पुलिस चौकी को दी। बशीर पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई धर्मपाल मौके पर पहुंचे और दोनों को टिब्बी के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने मारपीट-छीनाझपटी के आरोप में 4 नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

सायर मां की मूर्ति स्थापना 22 को

सीकर। जिले के दांतारामगढ़ स्थित श्री करणी कोट में सायर मां के समाधि स्थल पर मूर्ति स्थापना की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। इसके लिए 21 अक्टूबर को हवन और रात्रि जागरण होगा। वहीं, अगले दिन 22 अक्टूबर को हवन की पूर्णाहुति के साथ ही मूर्ति स्थापना और विशेष आरती होगी। जिसके बाद भोजन प्रसादी का आयोजन होगा। श्री करणी कोट धाम के बलवीर सिंह ने बताया कि चारण वंश की किनियां शाखा में 10वीं पीढ़ी में सुआप गांव में करणी माता का अवतार हुआ था, जबकि 24वीं पीढ़ी में दांतारामगढ़ के पास चारणवास गांव में सायर मां का अवतरण हुआ था। यह मूर्ति उस जगह पर स्थापित होगी, जहां पर सायर मां की समाधि बनाई गई है। समाधि स्थल पर एक भव्य हॉल का निर्माण किया गया है। जिसमें एक साथ हजारों की संख्या में लोग बैठ कर पूजा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में जयपुर समेत सीकर, बीकानेर समेत अन्य जिलों के 10 हजार भक्त पहुंचेंगे।

1.10 क्विटल डोडा-पोस्त जब्त, तीन गिरफ्तार

बान्दनवाड़ा (निसं)। विधानसभा आम चुनाव 2023 के मध्यनजर महानिदेशक पुलिस राजस्थान द्वारा मादक पदार्थों की रोकथाम एवं आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अपराधियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत थानाधिकारी नाहर सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त के छाह कट्टों में एक क्विंटल 10 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त किया गया।

गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक ट्रक जिसमें अवैध अफीम डोडा पोस्त भरा हुआ है जो भीलवाड़ा की तरफ से बांदनवाड़ा की तरफ आ रहा है। जहां पर भीलवाडा से नसीराबाद की तरफ जाने वाली लेन पर नाकाबंदी आरंभ की गई। भीलवाड़ा की तरफ से ट्रक आता नजर आया, जिसको रुकवाकर तलाशी ली गयी तो प्याज के कट्टों की आड में प्लास्टिक के कट्टों में 1 क्विंटल 10 किलोग्राम भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त मिला। बिना परमिट व लाईसेंस के डोडा पोस्त मय ट्रक को जब्त कर आरोपी रणजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, शक्तिमान को गिरफ्तार किया गया।

तिलोली में बदमाशों का आतंक, घर में घुसकर लूट :- भीलवाड़ा जिले के आसींद थाने के तिलोली गांव में बदमाशों ने बुजुर्ग के गहने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। बुजुर्ग की पत्नी की नींद खुली तो हल्ला मच गया, जिसके चलते टी-शर्ट और नेकर पहने तीन बदमाश भाग छूटे। तिलोली निवासी नैनू व उसकी पत्नी चांदी देवी, बहन सायरी, पुत्र जगदीश तेली रात में घर में सो रहे थे। रात एक से डेढ़ बजे के बीच, बदमाश, मकान के पिछे का दरवाजा खोल कर अंदर घुस आये। इन बदमाशों ने नैनू के गले से रामनामी, दो मांदलिया व दांयें कान में पहनी मुरकी को खोल लिया। वारदात की सूचना आसींद पुलिस को दी गई।

चोरों ने व्यापारी को निशाना बनाया

तारानगर, (निसं)। तारानगर क्षेत्र में इन दोनों चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। हालात ये हैं कि सप्ताह में चोरों ने चोरी की दूसरी बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया। इसी प्रकार कस्बे के राजगढ़ रोड पेट्रोल पंप के पास चोरों ने एक ट्रांसफोर्ट व्यापारी को निशाना बनाया है। जहां चोरों ने करीब 30 लाख के गहने व 2 लाख की नकदी पार कर फरार हो गये। महलाना निवासी (हाल वार्ड 24 तारानगर) संदीप ने थाने में रिपोर्ट दी है कि उसकी माता व भाई उसके बच्चे खाना खाकर सो रहे थे। रात्रि के समय किसी चोर ने घर का ताला तोड़कर कमरे में रखें संदूक, अलमारी से चार मंगलसूत्र, अंगूठी, एक मूर्ति सोने की, दो चूड़ी सोने की, एक सोने का कड़ा, एक महल, चार जोड़ी कान के झुमके, एक सोने की चेन, 6 जोड़ी पाजेब सहित छोटे-मोटे आभूषण व लगभग 2 लाख रुपए नगदी चोरी कर लिए। चोरी करने से पहले चोरों ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरों का मुंह भी दूसरी तरफ कर दिया।

15.65 लाख की शराब बरामद, दो गिरफ्तार

भीनमाल, (निसं)। जालोर जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के निर्देश अनुसार विधानसभा आम चुनाव 2023 को मद्देनजर रखते हुए थानाधिकारी रामेश्वर लाल भाटी के नेतृत्व में दो अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 388 कर्टन अंग्रेजी शराब एवं बियर कीमत 15 लाख 65 हजार की जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। शराब परिवहन में प्रयुक्त दो वाहनों को भी जब्त किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम द्वारा गुरुवार की रात्रि में करड़ा रोड पर बालसमंद तालाब के पास नाकाबंदी के दौरान महिंद्रा पिकअप को रुकवा कर चेक किया गया तो महिंद्रा पिकअप ट्रॉला में 192 कार्टन अवैध अंग्रेजी शराब व बियर होना पाई गई। जिस पर मुलजिम के कब्जे से उक्त अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद कर मुलजिम अशोक कुमार पुत्र भागीरथ राम निवासी बलाना पुलिस थाना सांचौर जिला सांचौर को गिरफ्तार किया। अवैध अंग्रेजी शराब बीयर को परिवहन करने में प्रयुक्त वाहन महिंद्रा पिकअप ट्रॉला को जब्त किया गया। इसी प्रकार पुलिस टीम द्वारा दूसरी कार्यवाही गुरुवार की रात्रि में करड़ा रोड पर नाकाबंदी के दौरान

- शराब परिवहन में प्रयुक्त दो पिकअप ट्रॉले जब्त किये

महिंद्रा पिकअप ट्रॉला को रुकवा कर चेक किया गया तो महिंद्रा पिकअप में 196 कार्टन अंग्रेजी शराब पाई गई।

जिस पर मुलजिम के कब्जे से उक्त अंग्रेजी शराब बरामद कर सुरेश कुमार पुत्र भैराराम को गिरफ्तार किया जाकर अवैध अंग्रेजी शराब को परिवहन करने में प्रयुक्त वाहन महिंद्रा पिकअप को जब्त किया गया। दोनों के विरुद्ध पृथक पृथक आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि उक्त शराब आबकारी डिपो जालोर से अन्य शराब ठेकों के लिए भेजी जानी थी, मगर इसके फर्जी दस्तावेज तैयार कर अवैध परिवहन करते पाए गए। प्रथम पुलिस टीम में थाना अधिकारी रामेश्वर लाल भाटी, हेड कांस्टेबल भंवरलाल, कांस्टेबल प्रकाश कुमार, कॉन्स्टेबल भरत कुमार, कांस्टेबल प्रकाश कुमार शामिल थे जबकि दूसरी टीम में उप निरीक्षक प्रताप सिंह, कांस्टेबल रामलाल, रमेश कुमार, भजनलाल, श्रवण कुमार शामिल थे। कार्रवाई के दौरान गोपी लाल, राकेश कुमार विश्नोई व मदनलाल की विशेष भूमिका रही।

67.15 लाख रुपये सहित स्विफ्ट व कैन्टर गाड़ी जब्त

संदिग्ध राशि को जब्त कर आयकर विभाग को सूचित किया

हनुमानगढ़, (निसं)। जिले की खुइयां थाना व एफएसटी एवं फेफाना थाना पुलिस की टीम ने दो अलग -अलग कार्रवाइयों में 67 लाख 15 हजार 500 रुपये जब्त किए हैं। नाका पॉइंट पर चेकिंग के दौरान एक स्विफ्ट व कैन्टर गाड़ी की तलाशी में यह रकम बरामद की गई है।

एसपी डॉ. राजीव पचार ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मध्यनजर एडिशनल एसपी बनवारी लाल मीणा व सुभाष चंद्र शर्मा एवं सीओ रघुवीर सिंह भाटी के सुपरविजन में एसएचओ खुईयां पवन कुमार शर्मा एवं एफएसटी टीम इंचार्ज राजेंद्र कुमार मय जाब्ता द्वारा थाने के सामने नाकाबंदी में हरियाणा नंबर की एक स्विफ्ट कार को रुकवा कर चेक किया गया। कार की डिग्गी में रखे बैग से 60 लाख रुपये मिलने पर कार सवार दिनेश कुमार यादव (32) निवासी थाना भादरा एवं हरप्रीत सिंह (59) निवासी थाना बरवाला जिला हिसार हरियाणा से पूछताछ की तो

पुलिस की टीम ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में 67 लाख 15 हजार 500 रुपये जब्त किए।

कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। इस पर संदिग्ध राशि को डिटेन कर आयकर विभाग को सूचित किया गया।

एसपी डॉ. पचार ने बताया कि दूसरी कार्रवाई एडिशनल एसपी सुभाष चंद्र शर्मा व सीओ रघुवीर सिंह भाटी के निर्देशन में अंतरराज्य नाका पॉइंट रतनपुरा पर एसएचओ फेफाना जगदीश पांडर मय टीम द्वारा की गई। हरियाणा नंबर की एक कैंटर गाड़ी के केबिन में मिले 7 लाख 15 हजार 500 रुपये के बारे में चालक कृष्ण भाट निवासी थाना राणिया जिला सिरसा से पूछताछ करने पर कोई संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर एफएसटी प्रभारी राजेश कुमार लखेरा को मौके पर बुलाकर संदिग्ध रकम की जब्ती की कार्रवाई की गई।

तस्कर भोलू व बेटों की पांच करोड़ की संपत्तियां जब्त

श्रीगंगानगर, (निसं)। तस्करी के कई मामलों में लिप्त रहे तस्कर महावीर प्रसाद उर्फ भोलू और उसके बेटों की पांच करोड़ रुपए की संपत्तियां पुलिस ने जब्त की है। तस्कर भोलू और उसके बेटों ने ये संपत्तियां तस्करी से मिले धन से खरीदी थी। पुलिस ने इससे जुड़ी जानकारियां जुटाई और यह प्रोपर्टी जब्त कर ली।

गांव साधुवाली के वार्ड एक का रहने वाला तस्कर महावीर प्रसाद उर्फ भोलू पुत्र किशनलाल बिश्नोई और उसके पुत्र अश्विनी कुमार के कब्जे से 5 फरवरी 2017 को 78 किलो डोडा पोस्त और बिक्री राशि के एक लाख बीस हजार रुपए जब्त कर दोनों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में जमानत के बाद भोलू के खिलाफ डोडा पोस्त तस्करी के तीन और अश्विनी कुमार के खिलाफ दो मामले दर्ज हुए। आरोपी के छोटे बेटे देवेंद्र कुमार के खिलाफ इसी वर्ष पोस्त तस्करी का एक मामला दर्ज हुआ था। वर्ष 2017 से वर्ष 2023 के बीच छह साल में आरोपियों ने तस्करी से मिले रुपए से करोड़ों रुपए की संपत्ति अर्जित की। जवाहर नगर एसएचओ पृथ्वीपालसिंह और हैड कांस्टेबल अब्दुल जब्बार ने

- मकान, कार सहित संपत्तियां जब्त, तस्करी के कई मामलों में है लिप्त

संपत्ति का ब्यौरा तैयार कर संबंधित विभागों से इसके दस्तावेज प्राप्त किए। सक्षम प्राधिकारी के सामने इस्तगासा पेश करने पर संबंधित ने प्रोपर्टी फ्रीज करने के आदेश दिए।

पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी का साधुवाली स्थित एक मकान जिसकी भूमि सहित कीमत दो करोड़ तीस लाख रुपए है जब्त कर लिया। इसके साथ ही महावीर प्रसाद के पुत्र अश्विनी और देवेंद्र के नाम दो करोड़ पचास हजार रुपए कीमत की घड़साना के दस केएनडी में कृषि भूमि, दस लाख रुपए की कार, दो लाख का मोटरसाइकिल फ्रीज कर दिया। आरोपी अब इस संपत्ति को किसी को बेचान या हस्तांतरित नहीं कर पाएगा। यह संपत्ति अगले आदेश तक राजस्थान सरकार की रहेगी। कार्रवाई एएसपी सतनामसिंह, डीएसपी प्रशांत कौशिक और एसएचओ पृथ्वीपालसिंह की देखरेख में की गई।